
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

13 जनवरी 2026


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

सिर्फ खड़े होकर देखने से आप नदी पार नहीं कर सकते ।

रवीन्द्रनाथ टैगोर



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

13 जनवरी

मधु प्रिया

# लोहड़ी का त्योहार 13जनवरी




लोहड़ी का त्योहार सूर्यदेव और अग्नि को समर्पित है। इस त्योहार में लोग नई फसलो को लोग अग्निदेव को समर्पित करते हैं। पौराणिक शास्त्रों के अनुसार, अग्नि की देवी-देवताओं का भोग होता है। ऐसी मान्यता है कि लोहड़ी के पर्व के माध्यम से नई फसल का भोग सभी देवताओं तक पहुंच जाता है। यह त्यौहार मकर संक्राति से एक दिन पहले 13 जनवरी को हर वर्ष मनाया जाता हैं। लोहड़ी त्यौहार के उत्पत्ति के बारे में काफी मान्यताएं हैं जो की पंजाब के त्यौहार से जुडी हुई मानी जाती हैं। कई लोगो का मानना हैं कि यह त्यौहार जाड़े की ऋतू के आने का द्योतक के रूप में मनाया जाता हैं। लोहड़ी उत्तर भारत का एक प्रसिद्ध त्योहार है। यह मकर संक्रान्ति के एक दिन पहले मनाया जाता है। मकर संक्रान्ति की पूर्वसंध्या पर इस त्यौहार का उल्लास रहता है। रात्रि में खुले स्थान में परिवार और आस-पड़ोस के लोग मिलकर आग के किनारे घेरा बना कर बैठते हैं। इस समय रेवड़ी, मूंगफली, लावा आदि खाए जाते हैं। लोहड़ी पौष के अंतिम दिन, सूर्यास्त के बाद (माघ संक्रांति से पहली रात) यह पर्व मनाया जाता है। यह प्राय: 12 या 13 जनवरी को पड़ता है। यह मुख्यत: पंजाब का पर्व है, यह द्योतार्थक (एक्रॉस्टिक) शब्द लोहड़ी की पूजा के समय व्यवहृत होने वाली वस्तुओं के द्योतक वर्णों का समुच्चय जान पड़ता है, जिसमें ल (लकड़ी) +ओह (गोहा = सूखे उपले) +ड़ी (रेवड़ी) = 'लोहड़ी' के प्रतीक हैं। श्वतुर्यज्ञ का अनुष्ठान मकर संक्रांति पर होता था, संभवत: लोहड़ी उसी का अवशेष है। पूस-माघ की कड़कड़ाती सर्दी से बचने के लिए आग भी सहायक सिद्ध होती है-यही व्यावहारिक आवश्यकता 'लोहड़ी' को मौसमी पर्व का स्थान देती है। पूर्ण परमात्मा की सद्द भक्ति ही सुख दायक है।

# Teachers of Bihar

The change makers

## जन्मदिन विशेष 13 जनवरी




**राकेश शर्मा** *Rakesh Sharma*, जन्म:13 जनवरी, 1949 पटियाला, पंजाब) भारत के प्रथम अंतरिक्ष यात्री थे। उन्हें अंतरिक्ष यान में उड़ने और पृथ्वी का चक्कर लगाने का अवसर 2 अप्रैल, 1984 में मिला था। वे विश्व के 138वें अंतरिक्ष यात्री थे।

# TOB
# खेल कॉर्नर



**IPL इतिहास**

## टॉप-5 रन स्कोरर



**विराट कोहली,** RCB
8661 रन | 267 मैच
8 शतक | 113* बेस्ट




**रोहित शर्मा,** MI
7046 रन | 272 मैच
2 शतक | 109*



**शिखर धवन,** SRH
6769 रन | 222 मैच
शतक 2 | बेस्ट 106*



**डेविड वॉर्नर,** SRH
6565 रन | 184 रन
4 शतक | 126 बेस्ट



**सुरेश रैना,** CSK
5528 रन | 205 मैच
शतक 1 | बेस्ट 100*

# Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **13.01.2026**


## व्यवहारिक गतिविधियाँ

व्यवहारिक गतिविधियाँ **(Practical Activities)** वे उद्देश्यपूर्ण कार्य हैं जो रोज़मर्रा की ज़िंदगी से जुड़े होते हैं और बच्चों को स्वतंत्रता, एकाग्रता, समन्वय और अपनेपन की भावना विकसित करने में मदद करते हैं; इनमें साधारण घर के काम (जैसे झाड़ू लगाना, कपड़े धोना) से लेकर जटिल कार्य (जैसे खाना बनाना, व्यवसाय योजना बनाना) शामिल हैं, जो बच्चों को वास्तविक जीवन के कौशल सिखाते हैं और उनकी सीखने की प्रक्रिया को मज़बूत बनाते हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**राजस्थान** के पाली में आस्था का अद्भुत मास्टरपीस! 250 एकड़ में फैला यह दुनिया का पहला **'ॐ' आकार** का मंदिर है, जिसकी नींव **1995** में रखी गई थी। करीब 30 साल के लंबे इंतजार के बाद, यह **भव्य मंदिर** अब पूरी तरह तैयार है।


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
पद्य पंकज
शब्द कहां जो मुझको टोके
हाथ कहां जो मुझको रोके
राह वहीं,दिशा वहीं,
तू जिधर करें प्रस्थान
अकेलेपन का बल पहचान!
हरिवंशराय बच्चन
www.padyapankaj.teachersofbihar.org
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
राकेश शर्मा
जन्म 13 जनवरी 1949
Madhu priya
/teachersofbihar